CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM- 2023

SKYC-U-ANTPL

# नृविज्ञान / ANTHROPOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : **तीन घंटे*** | *अधिकतम अंक :* **250** |
| *Time Allowed :* ***Three Hours*** | *Maximum Marks :* **250** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियाँ लिखिए :**

**Write notes on the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) सामाजिक तथा सांस्कृतिक मानवविज्ञान का विस्तार एवं प्रासंगिकता

Scope and relevance of Social and Cultural Anthropology *10*

(b) लौह-युग का सांस्कृतिक प्रभाव

Cultural impact of Iron Age *10*

(c) नस्ल तथा नृजातीयता

Race and Ethnicity *10*

(d) प्रथागत कानून एवं पर्यावरणीय संरक्षण

Customary laws and Environmental conservation *10*

(e) जीन प्रकटन

Gene expression *10*

**Q2.** (a) दक्षिण तथा पूर्वी अफ्रीका से खोजी गई प्रमुख *ऑस्ट्रेलोपिथिकस* प्रजातियों की विवेचना कीजिए । टाउन्ग शिशु की खोज, शारीरिक लक्षण एवं महत्त्व का वर्णन कीजिए ।

Discuss major species of *Australopithecus* discovered from South and East Africa. Describe the discovery, physical features and significance of Taung baby. *20*

(b) भारत के विशेष संदर्भ में उपलब्ध साक्ष्यों के आलोक में पुरापाषाण पर्यावरण की विवेचना कीजिए ।

Discuss the Paleolithic environment in light of available evidences with special reference to India. *15*

(c) विभिन्न प्रकार के कुपोषण को स्पष्ट कीजिए । उपयुक्त उदाहरणों सहित प्रोटीन-कैलोरी कुपोषण का विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

Elucidate the different forms of malnutrition. Describe protein-calorie malnutrition with suitable examples. *15*

**Q3.** (a) मानवीकरण प्रक्रिया क्या होती है ? उपयुक्त उदाहरणों एवं चित्रों की सहायता से मानव उद्विकास की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए ।

What is hominization process ? Discuss the major trends in human evolution with the help of suitable examples and illustrations. *20*

(b) क्लिफर्ड गीर्ट्ज़ ने धर्म को किस तरह देखा ? धर्म के अध्ययन में मानवशास्त्रीय तथा मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोणों में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

How did Clifford Geertz look at religion ? Differentiate between anthropological and psychological approaches to the study of religion. *15*

(c) मानव वृद्धि के अध्ययन में मिश्रित-अनुदैर्ध्य प्रविधि क्या होती है ? इसके गुण एवं दोषों की विवेचना कीजिए ।

What is mixed-longitudinal method of studying human growth ? Discuss its merits and demerits. *15*

**Q4.** (a) भारत में परम्परागत समाजों की सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ बनाने हेतु विवाह अधिनियमों की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

Discuss the role of marriage regulations in traditional societies in India for strengthening social solidarity. *20*

(b) कंकालीय अवशेषों पर आधारित व्यक्तिगत शिनाख्त की विभिन्न प्रविधियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss various methods of personal identification based on skeletal remains. *15*

(c) भारत के विशेष संदर्भ में प्रमुख मध्यपाषाणकालीन स्थलों की पहचान कीजिए तथा इनके प्ररूप-प्रौद्योगिकीय लक्षणों का विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

Identify the major Mesolithic sites and describe the typo-technological features with special reference to India. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियाँ लिखिए :**
**Write notes on the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) बहुजीनी वंशागति
Polygenic Inheritance *10*

(b) राखीगढ़ी का प्रागैतिहासिक महत्त्व
Prehistoric significance of Rakhigarhi *10*

(c) भाषाकालक्रमविज्ञान
Glottochronology *10*

(d) रजोनिवृत्ति के लक्षण
Menopausal symptoms *10*

(e) विलियम ऑगबर्न एवं सांस्कृतिक अन्तराल
William Ogburn and Cultural lag *10*

**Q6.** (a) ब्रॉनिस्लॉ मैलिनोवस्की तथा मार्ग्रेट मीड के क्षेत्रीय कार्यों से संबंधित विवादों की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए ।
Critically discuss the controversies related to fieldwork of Bronislaw Malinowski and Margaret Mead. *20*

(b) देशज समुदायों की आर्थिक व्यवस्थाओं पर वैश्वीकरण के प्रभाव की विवेचना कीजिए ।
Discuss the impact of globalization on the economic systems of indigenous communities. *15*

(c) वर्तमान परिदृश्य में डीएनए प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक अनुप्रयोगों का विवरण प्रस्तुत कीजिए ।
Describe the practical applications of DNA technology in the current scenario. *15*

**Q7.** (a) गुणात्मक डेटा विश्लेषण की विभिन्न प्रविधियों का विवरण प्रस्तुत कीजिए । गुणात्मक विश्लेषण में प्रयोग आने वाले कुछ लोकप्रिय कंप्यूटर सॉफ्टवेयरों को इंगित कीजिए ।

Describe various methods of qualitative data analysis. Highlight some popular computer softwares used in qualitative analysis. *20*

(b) किसी जनसमूह के आनुवंशिक संतुलन में बने रहने हेतु किन धारणाओं का पूरा होना आवश्यक है ? आनुवंशिक संतुलन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

What assumptions must be met for a population to be in genetic equilibrium ? Explain the importance of genetic equilibrium. *15*

(c) राष्ट्रीय चरित्र अध्ययनों के राजनीतिक एवं विधितंत्रीय पक्षों की विवेचना कीजिए । ऐसे अध्ययनों की समसामयिक प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए ।

Discuss political and methodological aspects of national character studies. Elucidate the contemporary relevance of such studies. *15*

**Q8.** (a) अर्जुन अप्पादुरै द्वारा प्रतिपादित वैश्विक सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था की अवधारणा का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine Arjun Appadurai's conceptualization of global cultural economy. *20*

(b) गुणसूत्रों की संरचनात्मक विकृतियों के कारकों का उपयुक्त उदाहरणों सहित विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

Describe the causes of structural abnormalities of chromosomes with suitable examples. *15*

(c) नातेदारी अध्ययनों में ए.एल. क्रोएबर के योगदान की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए ।

Critically discuss A.L. Kroeber's contribution to kinship studies. *15*